846
02.12.2021

**बिहार सरकार**
**बिहार कौशल विकास मिशन**
**श्रम संसाधन विभाग।**

## आदेश

राज्य सरकार के 07 निश्चयों में एक ''आर्थिक हल, युवाओं को बल'' के अधीन Domain Skilling कार्यक्रम के संचालन हेतु कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों के पंजीकरण की प्रकिया प्रारम्भ की गई थी, जिसके आधार पर प्रशिक्षण प्रदाता एजेन्सी INFO DOSKEY SOFTWARE PVT. LTD. के द्वारा (1) सारण जिलान्तर्गत छपरा सदर प्रखण्ड में, (2) भोजपुर जिलान्तर्गत पीरो प्रखण्ड में तथा (3) कैमूर जिलान्तर्गत भभुआ प्रखण्ड में Domain Skill Centre संचालित किये जाने हेतु पंजीकरण किया गया। पंजीकरण के आधार पर उक्त तीनों केन्द्रों क्रमशः DS Code 08020133 (Chapra Sadar), DS Code 06010015 (Piro) & DS Code 06030049 (Bhabhua) को बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा अनुमोदित करते हुये नगर विकास एवं आवास विभाग को आवंटित किया गया। कालान्तर में (1) श्रीमती कल्पना ज्योति, पता–रतनपुरा, नया पीर बाबा, काशी बाजार, भगवान बाजार, छपरा, जिला–सारण, (2) श्री अजय कुमार सिंह, मुहल्ला–वार्ड न0–2, बिहियाँ मार्ग शास्त्री नगर पीरो, जिला–भोजपुर एवं (3) श्रीमती बन्दना कुमारी, पति–श्री नागेन्द्र कुमार, ग्राम–पसाई, पोस्ट–खजुरा, थाना–बेलाव, जिला–कैमूर के द्वारा माह दिसम्बर, 2020 में अलग–अलग आवेदन पत्र समर्पित किया गया, जिसमें उनके द्वारा उल्लेख किया गया है कि उक्त संस्था का संचालन Franchisee Mode में किया जा रहा है। उनलोगों के द्वारा यह भी उल्लेख किया गया है कि केन्द्र के संस्था को अधिष्ठापित करने एवं संचालन करने में लगभग 10 लाख रुपये से अधिक राशि का व्यय उनके द्वारा किया गया है। साथ ही उनके द्वारा INFO DOSKEY SOFTWARE PVT. LTD. के साथ अलग–अलग हस्ताक्षरित एकरारनामा की प्रति भी समर्पित की गयी, जिसमें 20:80% के Revenue Sharing का उल्लेख किया गया है।

Franchisee Mode में केन्द्र नहीं चलाये जा सकते हैं। इससे संबंधित सूचना पूर्व में ही सभी केन्द्रों को दी जा चुकी है। उक्त तीनों परिवादियों से प्राप्त आवेदनों के आलोक में बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–451, दिनांक–16.07.2021 के द्वारा INFO DOSKEY SOFTWARE PVT. LTD., C/O प्रशान्त कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर, H.O.: 1/20, Vivekanand Path, North S.K. Puri, Patna-800013 से स्पष्टीकरण की मांग की गई। पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में श्री प्रशान्त कुमार जो कि Society के Competent Person के रुप में पंजीकृत है, का स्पष्टीकरण दिनांक–21.07.2021 को प्राप्त हुआ।

अपने स्पष्टीकरण में श्री प्रशान्त कुमार द्वारा उल्लेख किया गया है कि एकरारनामा की जो प्रति दी गयी है, वह फर्जी है। ऐसा कोई भी एकरारनामा INFO DOSKEY SOFTWARE PVT. LTD. के साथ नहीं हुआ है। उनके द्वारा कहा गया है कि तीनों वादी क्रुद्ध होकर मेरी संस्था पर बेबुनियाद आरोप लगाकर यह केन्द्र अपने नाम पर नामान्तरित करवाने हेतु षड्यंत्र रच रहे हैं। उनके द्वारा जालसाजी, मानहानि तथा आर्थिक और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए संबंधितों के विरुद्ध मुकदमा किये जाने की बात की गयी तथा आरोपों की निष्पक्ष जॉच कराने का अनुरोध किया गया।

बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–608, दिनांक–03.09.2021 के आलोक में उक्त तीनों Domain Skill Centres की जॉच जिला नियोजन पदाधिकारी/श्रम अधीक्षक, सारण/ भोजपुर/कैमूर द्वारा संयुक्त रुप से किये जाने के उपरान्त प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है।

(क) जिला नियोजन पदाधिकारी/श्रम अधीक्षक, सारण ने अपने पत्रांक–343, दिनांक–16.09.2021 द्वारा Domain Skill Centre- DS Code 08020133 (Chapra Sadar) के जॉच प्रतिवेदन में स्पष्ट किया है कि INFO DOSKEY SOFTWARE PVT. LTD. के द्वारा Franchisee mode में संचालन हेतु वादी श्रीमती कल्पना ज्योति, पता–रतनपुरा, नया पीर बाबा, काशी बाजार, भगवान बाजार, छपरा, जिला–सारण के साथ हस्ताक्षरित एकरारनामा किया गया है, जिसमें 20:80% के Revenue Sharing का उल्लेख किया गया है एवं नगर निगम छपरा के साथ हुये एकरारनामा में संस्था की तरफ से कल्पना ज्योति ही अधिकृत हस्ताक्षरी हैं।

(ख) जिला नियोजन पदाधिकारी/श्रम अधीक्षक, भोजपुर ने अपने पत्रांक–190, दिनांक–24.09.2021 द्वारा Domain Skill Centre- DS Code 06010015 (Piro) के जॉच प्रतिवेदन में स्पष्ट किया है कि INFO DOSKEY SOFTWARE PVT. LTD. के द्वारा Franchisee mode में संचालन हेतु वादी श्री अजय कुमार सिंह, मुहल्ला–वार्ड

846
02.12.2021



न0–2, बिहियॉ मार्ग शास्त्री नगर पीरो, जिला–भोजपुर के साथ हस्ताक्षरित एकरारनामा किया गया है, जिसमें 20:80% के Revenue Sharing का उल्लेख किया गया है। केन्द्र में प्रयोग किये जा रहे सभी मशीनरी का क्रय, बिजली बिल का भुगतान, इन्टरनेट बिल का भुगतान एवं केन्द्र पर कार्यरत कर्मियों के पारिश्रमिक का भुगतान वादी द्वारा किया गया है।

(ग) जिला नियोजन पदाधिकारी/श्रम अधीक्षक, कैमूर ने अपने पत्रांक–606, दिनांक–05.10.2021 द्वारा Domain Skill Centre- DS Code 06030049 (Bhabhua) के जॉच प्रतिवेदन में स्पष्ट किया है कि INFO DOSKEY SOFTWARE PVT. LTD. के द्वारा Franchisee mode में संचालन हेतु वादी श्रीमती बन्दना कुमारी, पति–श्री नागेन्द्र कुमार, ग्राम–पसाई, पोस्ट–खजुरा, थाना–बेलाव, जिला–कैमूर के साथ हस्ताक्षरित एकरारनामा किया गया है, जिसमें 20:80% के Revenue Sharing का उल्लेख किया गया। भवन का किराया, बिजली बिल का भुगतान, टेलीफोन बिल का भुगतान एवं केन्द्र पर कार्यरत कर्मियों के पारिश्रमिक का भुगतान वादी द्वारा किया गया है।

जॉच प्रतिवेदन से स्पष्ट होता है कि प्रथम पक्ष INFO DOSKEY SOFTWARE PVT. LTD. तथा द्वितीय पक्ष (1) श्रीमती कल्पना ज्योति, पता–रतनपुरा, नया पीर बाबा, काशी बाजार, भगवान बाजार, छपरा, सारण, (2) श्री अजय कुमार सिंह, मुहल्ला–वार्ड न0–2, बिहियॉ मार्ग शास्त्री नगर पीरो, भोजपुर एवं (3) श्रीमती बन्दना कुमारी, पति–श्री नागेन्द्र कुमार, ग्राम–पसाई, पोस्ट–खजुरा, थाना– बेलाव, जिला कैमूर के बीच 20:80% के Revenue Sharing के आधार पर तीनों केन्द्र स्थापित किये गये हैं।

सभी तथ्यों के विश्लेषण के पश्चात् यह प्रमाणित होता है कि (1) सारण जिलान्तर्गत छपरा सदर प्रखण्ड में Domain Skilling Centre : DS Code 08020133 (Chapra Sadar), (2) भोजपुर जिलान्तर्गत पीरो प्रखण्ड में DS Code 06010015 (Piro) तथा (3) कैमूर जिलान्तर्गत भभुआ प्रखण्ड में DS Code 06030049 (Bhabhua) अवस्थित केन्द्र INFO DOSKEY SOFTWARE PVT. LTD के द्वारा सीधे तौर पर संचालित नहीं हैं। अपितु DS Code 08020133 (Chapra Sadar) का संचालन श्रीमती कल्पना ज्योति, पता–रतनपुरा, नया पीर बाबा, काशी बाजार, भगवान बाजार, छपरा, जिला–सारण, DS Code 06010015 (Piro) का संचालन श्री अजय कुमार सिंह, मुहल्ला–वार्ड न0–2, बिहियॉ मार्ग शास्त्री नगर पीरो, जिला–भोजपुर एवं DS Code 06030049 (Bhabhua) का संचालन श्रीमती बन्दना कुमारी, पति–श्री नागेन्द्र कुमार, ग्राम–पसाई, पोस्ट–खजुरा, थाना–बेलाव, जिला–कैमूर द्वारा किया जा रहा है। Franchisee Mode में केन्दों के संचालन से अनावश्यक रुप से केन्द्रों को प्राप्त होनेवाली राजस्व का बंटवारा होता है, जिससे केन्द्र में प्रशिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित होती है। INFO DOSKEY SOFTWARE PVT. LTD के द्वारा विचौलिया की भूमिका निभाई जा रही है, जो कार्यक्रम की गुणवत्ता के लिये हानिकारक है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में (1) Domain Skilling Centre : DS Code 08020133 (Chapra Sadar) का स्वामित्व श्रीमती कल्पना ज्योति, पता–रतनपुरा, नया पीर बाबा, काशी बाजार, भगवान बाजार, छपरा, जिला–सारण, (2) Domain Skilling Centre : DS Code 06010015 (Piro) का स्वामित्व श्री अजय कुमार सिंह, मुहल्ला–वार्ड न0–2, बिहियॉ मार्ग शास्त्री नगर पीरो, जिला–भोजपुर तथा (3) Domain Skilling Centre : DS Code 06030049 (Bhabhua) का स्वामित्व श्रीमती बन्दना कुमारी, पति–श्री नागेन्द्र कुमार, ग्राम–पसाई, पोस्ट–खजुरा, थाना–बेलाव, जिला–कैमूर के नाम पर परिवर्तित करने का आदेश दिया जाता है, जिनके द्वारा उक्त केन्द्रों का वास्तविक संचालन किया जा रहा है। (1) श्रीमती कल्पना ज्योति, (2) श्री अजय कुमार सिंह, (3) एवं श्रीमती बन्दना कुमारी को आदेश दिया जाता है कि आदेश प्राप्ति के एक सप्ताह के अंदर पोर्टल पर परिवर्तित किये जाने वाले सूचना यथा–Organisation Name, Centre Name, Owner Name, Pan detail of Owner, Bank account of Owner, email id & Mobile number of Owner की विवरणी बिहार कौशल विकास मिशन में जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि बिहार कौशल विकास मिशन के पोर्टल पर तद्नुकूल संशोधन/परिवर्तन किया जा सके।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

2/12/21

(आलोक कुमार)
सरकार के विशेष सचिव
श्रम संसाधन विभाग, बिहार।

02.12.2021

ज्ञापांक– BSDM/DOMAIN – 67/2018 – 846 पटना, दिनांक– 02.12.2021

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवस विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. M/S INFO DOSKEY SOFTWARE PVT. LTD. H.O.: 1/20, Vivekanand Path, North S.K. Puri, Patna-800013 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. श्रीमती कल्पना ज्योति, पता–रतनपुरा, नया पीर बाबा, काशी बाजार, भगवान बाजार, छपरा, सारण/श्री अजय कुमार सिंह, मुहल्ला–वार्ड न0–2, बिहियॉ मार्ग शास्त्री नगर पीरो, भोजपुर एवं श्रीमती बन्दना कुमारी, पति–श्री नागेन्द्र कुमार, ग्राम–पसाई, पोस्ट–खजुरा, थाना–बेलाव, जिला कैमूर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. Project Director, MKCL/Project Director, E&Y को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
6. प्रशासी पदाधिकारी/मिशन प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/मिशन प्रबंधक (कार्यक्रम कियान्वयन)/मिशन प्रबंधक (समन्वय), BSDM/SPMU Inchrge सारण/भोजपुर/कैमुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
7. जिला कौशल प्रबंधक सारण/भोजपुर/कैमुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2/12/21

(आलोक कुमार)
सरकार के विशेष सचिव
श्रम संसाधन विभाग, बिहार।

02.12.2021